**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## गृह विज्ञान महाविद्यालय में दो माह का इन प्लांट ट्रेनिंग कोर्स सम्पन्न

पंतनगर। 2 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में परिवार संसाधन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 24 नवंबर 2022 से 28 जनवरी 2023 तक दो माह का इन–प्लांट ट्रेनिंग कोर्स पूर्ण करने के उपरान्त अपने अनुभवों को साझा करते हुए किए गए कार्यों पर आधारित रिपोर्ट आज प्रस्तुत की गयी। इन–प्लांट ट्रेनिंग का कोर्स बीएस.सी. गृह विज्ञान पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण कोर्स है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संसाधन प्रबंधन तथा उद्यमिता विकास की वास्तविक स्थितियों से परिचय कराना तथा अनुभव प्रदान करना है। यह कोर्स विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल के समस्त आयामों की सूक्ष्म परख एवं उन्हें आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। इस कोर्स के अंतर्गत विभाग के विद्यार्थियों ने समत्व टेक इंडिया लिमिटेड, रुद्रपुर; होटल रेडिसन ब्लू, रूद्रपुर; इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट, किच्छा; इमेजिन एट सल्यूशन, नोएडा; स्टेप अप हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ, नई दिल्ली तथा बिरला मेमोरियल सोसायटी चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड, कोटा में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

रिपोर्ट प्रस्तुती सेशन में अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की वर्तमान समय में विद्यार्थियों को अपनी सोच सकारात्मक रखते हुए समाज के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। डा. अल्का गोयल ने कहा की गृह विज्ञान महाविद्यालय का पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को ज्ञान से परिपूर्ण करने के साथ–साथ अनुभव भी प्रदान करता है तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की सक्रिय कड़ी के रूप में योगदान देने के लिए सक्षम बनाने की ओर सतत प्रयत्नशील रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत सीखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। इन प्लांट ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट संसाधन प्रबंधन एवं कौशल प्रदर्शन के आधार पर सभी विद्यार्थियों को भविष्य में अपने प्रतिष्ठित संस्थानों में नियमित कार्मिक के रूप में कार्य करने का भी अवसर प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों की कोर्स के दौरान की गई कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर भी हर्ष व्यक्त किया कि विभाग के सभी 14 विद्यार्थियों को पेड इंटर्नशिप प्राप्त हुई जोकि रु. 3000.00 से रु. 15000.00 प्रति माह तक रही। इस संबंध में उन्होंने कोर्स प्रभारी, डा. छाया शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की। विभाग के छात्र योगेश चंद्र पांडे, अवनीत सिंह राणा एवं हर्षित गुप्ता का नाम रेडिसन ब्लू होटल की आधिकारिक बिक्री पत्रक में अंकित किया जाना, अवनीत सिंह राणा को होटल रेडिसन ब्लू के आईटी विभाग द्वारा जॉब ऑफर, कविता को रेडिसन ब्लू के ही एचआर विभाग द्वारा जॉब ऑफर, दिव्या कर्नाटक को समत्व टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रुद्रपुर द्वारा की–अकाउंट मैनेजर के लिए जॉब ऑफर, विशाल कुमार को सीएफसीएल, कोटा के सीएसआर विभाग द्वारा जॉब ऑफर, चंदा परिहार को इमेज नेट सॉल्यूशंस द्वारा ग्राफिक डिजाइनर के पद के लिए, पेड वर्क फ्रॉम होम ऑफर, शिवानी कोरी को टाटा मोटर्स के सीएसआर विभाग द्वारा जॉब ऑफर आदि इन प्लांट कोर्स की प्रमुख उपलब्धियां रहीं। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ओर व्यावहारिक वास्तविक परिस्थितियों से रू–ब–रू होने का अवसर मिला वहीं उनमें उद्यमिता कौशल हेतु आवश्यक ज्ञान, साहस, दृष्टिकोण, निर्णय लेने की क्षमता, टीम में कार्य करने की भावना, नेतृत्व की क्षमता, रिस्क कैल्कुलेशन तथा मैनेजमेंट जैसे उद्यमिता गुणों को विकसित करने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, डा. अदिति वत्स, श्री अभीक खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह तथा डा. संध्या रानी ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों तथा उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना एवं आशीर्वाद प्रदान किया।



*विद्यार्थियों के साथ गृह विज्ञान महाविद्यालय के अधिकारीगण।*